## एक नजर में

### भानपुरा रोजगार मेले में 103 युवाओं का पंजीयन, 55 का हुआ प्राथमिक चयन



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर भानपुरा में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री समीक्षा सोनगरा की उपस्थिति में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में कुल 103 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिसमें LEARNET SKILL LTD Ltd, LIC, SIGMA STFLING, COSMOS MAN POWER, QUESS CORP LTD, SIS मेले में 8 कंपनियां उपस्थित रही कंपनियों ने अपने स्टाल इस अवसर पर लगाए व 55 युवाओं का प्राथमिक तौर पर चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

### श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनेगा



**मन्दसौर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में दिनांक 15 फरवरी, रविवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस हेतु ट्रस्ट द्वारा समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। महाशिवरात्रि के दिन मंदिर को विद्युत साज-सज्जा एवं पुष्पों से सजाया जायेगा। भगवान अमलेश्वर महादेव के दर्शन हेतु पुरुष एवं महिलाओं की अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल गुरू एवं सचिव सुरेश शर्मा द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व के दिन दोप. 1 बजे महारूद्राभिषेक एवं सायं 7 बजे महाआरती एवं प्रसादी वितरण के पश्चात् रात्रि को मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर संचालकगण नीरज नीमे, शरद पारिख, महेन्द्र सोकल, विक्रम विद्यार्थी, सत्यनारायण शर्मा, बाबूलाल शर्मा आदि ने भक्तजनों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान श्री अमलेश्वर महादेव के दर्शनों का लाभ लेवें। साथ ही ट्रस्ट द्वारा बताया गया कि अमलेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है, जिस हेतु ज्यादा से ज्यादा दान कर सहयोग प्रदान करें।

## पचास हजार लोगों की उपस्थिति में होगा 131 जोड़ों का विवाह

▸ बैहपुर गौशाला में उमड़ेगा गौभक्तों का सैलाब



**दलौदा। संत श्री रोटीरामजी महाराज गौशाला बैहपुर में सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत द्वितीय वर्ष में 131 जोड़ों का विवाह 20 फरवरी को होने जा रहा है जिसमें लगभग पचास हजार लोगों की उपस्थिति में आयोजन संपन्न होगा।**

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष दशरथ दास बैरागी व मीडिया प्रभारी विरेंद्र सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि बीते वर्ष समिति द्वारा 75 जोड़ों का विवाह करवाया गया था, इस वर्ष 131 जोड़ों का पंजीयन हुआ है जिसमें क्षेत्र के दानदाताओं के सहयोग द्वारा यह आयोजन 20 फरवरी को होगा जिसमें क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि व संतगण उपस्थित रहेंगे। इस भव्य आयोजन में माता तुलसी विवाह के लिए ठाकुर जी की बारात मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लदूसा धाम से लगभग पांच सौ गाड़ियों के काफिले के साथ आएगी।गौ माता पूजन से आयोजन की शुरुआत होगी, इस भव्य आयोजन में मध्य प्रदेश के मुखिया माननीय डॉ. मोहन यादव को भी न्यौता दिया गया है। जिसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा विवाह समिति के अध्यक्ष दशरथ दास बैरागी व पूरी समिति, ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है। साथ ही यशपाल सिंह सिसौदिया के द्वारा एक पत्र लिखकर डॉ. मोहन यादव से विशेष आग्रह किया गया कि मालवांचल में होने वाले इतने बड़े भव्य आयोजन में आप पधारे व नवदंपत्तियों को शुभाशीष प्रदान करें। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र वासियों से आव्हान किया कि इस भव्य आयोजन में पधार कर सहयोग प्रदान करें वह कार्यक्रम का हिस्सा बने।



## इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में मेहता परिवार ने किया साड़ियों का वितरण

**मन्दसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में मेहता परिवार द्वारा सामाजिक सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए पूर्व अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मेहता के जन्म दिवस पर स्थानीय वात्सल्यधाम (वृद्धाश्रम) में साड़ियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने वृद्ध माताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताया।**

क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में रह रही सभी महिलाओं को साड़ियाँ भेंट की गईं, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और संतोष दिखाई दिया। आपने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास उन्हें सम्मान और अपनापन महसूस कराते हैं।

इनरव्हील क्लब की ओर से भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया, इस अवसर पर दानदाता श्रीमती निर्मला मेहता का स्वागत क्लब की पूर्व अध्यक्ष शर्मिला बसेर, बीनू कीमती, आईएसओ मेजर उषा कुमावत, रेखा टेलर एवं वात्सल्य धाम की कृष्णा बैरागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य शशि झलोया, अल्पना सिंह ने इनरव्हील प्रार्थना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सचिव रचना दोषी ने किया एवं आभार एडिटर किरण भामावत ने माना।



## पीड़ित मानवता की सेवा करना ईश्वर की सेवा के समान : कमलेश सिसोदिया

**मंदसौर।** आज के इस मंहगाई के दौर में सबसे महंगा खर्च मेडिकल का ऐसे केम्प में अगर गरीब जरूरतमंद परीक्षण दवाई जांच व सही सलाह मिल जाये तो ईशवर भी प्रसन्न होता है।

उक्त विचार क्षेत्रीय पार्षद कमलेश सिसोदिया ने केशव संत्संग भवन में आयोजित पेसिफिक मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने वाले मरीजों को व्यक्त करते हुए कहा कि सही समय पर यही इलाज के साथ निशुल्क आने जाने की सुविधा सोने पे सुहागा है। इस अवसर पर श्रीमति भावना जय प्रकाश पमानानी ने कहा कि यह शिविर केवल आज के लिए नही हमेशा यह सेवा निरतंर जारी रहेगी। इस हॉस्पिटल की बस सुबह 4 बजे दोपहर 2 बजे बायपास से लाना ले जाना फ्री है और इलाज व जांच भी फ्री है।

इस अवसर पर उषा दीदी हेमलता दीदी रेखा गंगवाल योगेश जैन प्रीती दीदी ब्रह्माकुमारी परिवार ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ कमलेश चोरडिया, डॉ राम गोपाल रावत, डॉ जितेंद सिंह तंवर ओर टीम ने सराहनीय सेवा दी।

एक नजर ▸ स्नेह नगर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव की धूम

## हल्दी की रस्म में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**मंदसौर।** स्थानीय स्नेह नगर स्थित प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला उत्साहपूर्वक शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में मंदिर परिसर में बाबा भोलेनाथ के विवाह की रस्मों के अंतर्गत हल्दी की रस्म श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस मांगलिक अवसर पर बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने भाग लेकर भगवान को हल्दी अर्पित की और मंगल गीतों के साथ माहौल को शिवमय बना दिया। नगर की महिला मित्र मंडल की सदस्य इस पूरे आयोजन में विशेष रुचि और उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभा रही हैं।



मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के अगले चरण में 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से मंदिर परिसर में मेहंदी रस्म का आयोजन किया जाएगा। इस रस्म के लिए सभी महिला श्रद्धालुओं से विशेष रूप से 'हरी ड्रेस' पहनकर आने का आग्रह किया गया है। वहीं, इसी दिन रात्रि 8 बजे भव्य महिला संगीत का आयोजन होगा, जिसमें महिलाएं अपनी मनपसंद वेशभूषा में सम्मिलित होकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा का गुणगान करेंगी। मंदिर समिति की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने नगर की सभी धर्मप्रेमी महिलाओं से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है।

# नीमच

## एक नजर में

### प्रणव तिवारी का धार ट्रांसफर, हेड कॉन्स्टेबल की आत्महत्या मामले में मुख्यालय का एक्शन

**नीमच।** जिले में हेड कांस्टेबल होशियार सिंह की आत्महत्या के मामले में पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने कार्रवाई की है। होशियार सिंह ने अपने सुसाइड नोट में हेड कांस्टेबल प्रणव तिवारी पर भ्रष्टाचार और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में घिरे प्रणव तिवारी का नीमच से धार जिला तबादला कर दिया गया है। भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय से मध्य प्रदेश के 32 प्रधान आरक्षकों (हेड कांस्टेबल) की तबादला सूची जारी की गई है। इस सूची में विवादों में घिरे प्रणव तिवारी का नाम भी शामिल है। कुछ दिनों पहले हेड कांस्टेबल होशियार सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम पर जहर खा लिया था, जिसके बाद उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मरने से पहले, होशियार सिंह ने आईजी, डीआईजी और एसपी सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों के नाम एक तीन पेज का पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने प्रणव तिवारी पर भ्रष्टाचार करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए थे। होशियार सिंह की मौत के बाद उनके परिजनों ने आरोपी हेड कांस्टेबल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस मुख्यालय से जारी इस तबादला सूची को इस मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल, होशियार सिंह की आत्महत्या के मामले में जांच जारी है।



### सीएम राइज स्कूल : 40 करोड़ लैप्स होने का खतरा



**नीमच।** नीमच में सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण में चार साल की देरी पर पालक महासंघ मध्य प्रदेश की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को अंतिम ज्ञापन सौंपा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मार्च 2026 तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो 40 करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि लैप्स हो सकती है, जिससे छात्रों को नुकसान होगा। यह ज्ञापन शुक्रवार शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में डिप्टी कलेक्टर श्रुति भयड़िया को सौंपा गया। पालक संघ ने बताया कि राशि लैप्स होने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर सीधा असर पड़ेगा। पालक संघ की मीडिया प्रभारी आशा सांभर ने बताया कि लंबे समय से भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन न होना चिंताजनक है। वर्तमान में पुराना स्कूल भवन कमरों की कमी से जूझ रहा है। अंग्रेजी माध्यम की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण प्रतिवर्ष लगभग 400 छात्र-छात्राओं को निजी स्कूलों में दाखिला लेना पड़ता है। इससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। संघ ने इससे पहले भी कलेक्टर, विधायक और प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। यह नवीनतम ज्ञापन पालक संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर कपिल शुक्ला, सतीश शर्मा, राकेश देवड़ा, शशिकांत दुबे, बालकृष्ण सोलंकी, राजमल व्यास, ब्रजमोहन सिंहल, अशोक सोनी, आशा सांभर, भावना कांठेड़, ऊषा सोनी, एडवोकेट श्वेता शर्मा और वंदना सिंहल सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## 750 लोग एक साथ स्टेडियम में बैठकर ले सकेंगे खेल प्रतियोगिताओं का आनंद

▸ इंडोर स्टेडियम लेने लगा आकार



**नीमच।** शहर में वैसे तो डॉ. राजेंद्रप्रसाद फुटबॉल स्टेडियम सहित स्विमिंग पूल भी है। सर्वसुविधायुक्त इंडोर खेल स्टेडियम एक भी नहीं है। सालों से इसे लेकर मांग की जाती रही है। शहर में 3 करोड़75 लाख रुपए लागत से इंडोर स्डेडियम की सौगात शहर वासियों को जल्द ही मिलने वाली है।योजना के मुताबिक प्रथम चरण का कार्य शीघ्र पूरा हो जाएगा ओर शेष कार्य के लिए द्वितीय चरण में होंगे।इसके लिए सिटी रोड और राजीव नगर-सब्जी मंडी रोड के बीच स्थित बगीचा नंबर-12 की जमीन चुनी है। वर्तमान में बगीचा नं.10 की तरफ वाले हिस्से में निर्माण जारी है।

गौरतलब है इंडोर स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधा मिलेगी और छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडोर स्टेडियम के बनने से खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलेगी। खेल व युवा प्रतिभाओं का नया मंच मिलेगा।इंडोर स्टेडियम बनने के बाद स्थानीय और क्षेत्रीय खेल स्तर में निश्चित रूप से सुधार होगा। ये आधुनिक सुविधाएं खिलाडियों को को हर मौसम (बारिश, तेज धूप, सर्दी) में निरंतर अभ्यास करने का मौका देने के साथ ही ,प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में मददगार साबित होगी। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, स्टेडियम चारों तरफ से कवर्ड होगाएक तरफ मुख्य मंच व तीन तरफ बैठने के लिए पैवेलियन रहेगा। दर्शक दीर्घा में 750 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। स्टेडियम के अंदर तीन कोर्ट बनाए जा जाएगे। इन तीनों कोटो का क्षेत्रफल 36 मीटर बाय 21 मीटर रहेगा। इसके साथ ही स्टेज निर्माण, खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, सुविधाघर आदि के साथ प्रवेश के लिए दो द्वार रहेंगे। इसमें कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, टेनिस कोर्ट सहित अन्य खेलों के लिए सुविधा मिलेगी। खास बात यहां रात में भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी। इसके लिए पलडलाइट लगाने की भी योजना है।

**इंडोर स्टेडियम के लिए कब क्या हुआ**- इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए 1 जून 2023 को कार्यादेश जारी हुए।- स्टेडियम के लिए ड्राईंग डिजाईन को 15 अक्टूबर 2024 को मंजूरी मिली।- 3 करोड की राशि शासन से अनुदान के रुप में प्राप्त हुई, बजट बढ़ने पर 75 लाख की अन्य मदों से खर्च होगी।

### इनका कहना...

इंडोर स्टेडियम का कार्य चल रहा है। जो काम अधूरे छूट गए थे उन्हें द्वितीय फेज में नगरपालिका प्राथमिकता से पूर्ण करेंगी। इंडोर स्टेडियम के विकास कार्य में विधायक दिलीपसिंह परिहार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जो राशि इंडोर स्टेडियम के लिए स्वीकृति की गई थी वह प्रथम चरण में पूर्ण हो गई है। शेष कार्य द्वितीय चरण में पूर्ण करवाएं जाएंगे।



## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रामपुरा में उद्घाटन एवं फुटबाल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**रामपुरा।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा फीफा के सहयोग से फुटबॉल्स फ़ॉर स्कूल इनिशिएटिव (स्र 4स) कार्यक्रम जवाहर नवोदय विधालय में सम्पन्न हुआ। सांसद प्रतिनिधि श्री अजय विश्वास जोशी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुए इस आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य अमिताभ उच्छाना , प्राचार्य ओमप्रकाश गुप्ता , प्राचार्य मनोहर देवड़ा उपस्तिथ रहे।

स्वागत भाषण एवँ कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नवोदय विधालय के वाइस प्रिंसिपल राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शिक्षा में फुटबॉल गतिविधियों को शामिल करके स्कूली छात्रों के लिए इस खेल को सुगम एवँ व्यापक बनाने के उधेश्य से म.प्र. के स्कूलों में 940 से अधिक फीफा फुटबाल वितरित किये जा रहे हैं आज सांकेतिक रूप से यहां 25 विद्यालयों को फुटबाल प्रदान किये जावेंगे। आपने बताया कि जिले में वितरण का नोडल केंद्र एन वी एस भोपाल स्कूल है। जीवन मे खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आयोजन के मुख्य अतिथि अजय विश्वास जोशी ने कहा कि एक स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है खेल से शारीरिक मानसिक एवँ सामाजिक विकास होता है एकाग्रता के विकास के साथ प्रतिस्पर्धा की भावना बलवती होती है। खेलों से तनाव अवसाद और चिंता में कमी आती है अत: खेलों को अपने जीवन की हिस्सा बनाएं।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि अमिताभ उच्छाना ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में फुटबाल गेम पर पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की कर्यक्रम का संचालन अध्यापक भूमेश सिंह जाट ने किया त्तपश्यात प्लेग्राउंड पर जाकर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर 'इंटर स्कूल फुटबाल मैच' का शुभारंभ किया।

एक नजर ▸ लहसुन प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर आत्मनिर्भर बने पूरबसिंह

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से बदली युवा उद्यमी की तकदीर

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही हैं। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के माध्यम से नीमच के युवा उद्यमी श्री पूरबसिह ने नीमच की कृषि उपज मण्डी चंगेरा के पास में लहसुन प्रसंस्करण ईकाई की स्थापना की हैं।



पूरबसिह ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 24-25 में योजना का लाभ लेकर लहसुन प्रसंस्करण उद्योग प्रारंभ किया हैं। इस उद्योग में लहसुन की कली निकालकर लहसुन की कली की ग्रेडिंग एवं आकर्षण पेकिंग कर अहमदाबाद विक्रय कर रहे हैं। आज उनकी इस यूनिट में 7 से 8 स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा हैं। युवा उद्यमी पूरबसिह नीमच जिले सहित अहमदाबाद व अन्य शहरों में लहसुन कली की पैकिंग कर विक्रय कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना के तहत लहसुन प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए पूरबसिह को भारतीय स्टेट बैंक शाखा दशहरा मैदान नीमच से 30 लाख रूपये का ऋण मिला हैं। साथ ही शासन की ओर उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्हें 10 लाख रूपये का अनुदान भी प्रदान किया गया हैं।

युवा उद्यमी नीमच के श्री पूरबसिह लहसुन प्रसंस्करण उद्योग का सफलतापूर्वक संचालन कर, उनका वार्षिक टर्नओवर लगभग 80 लाख रूपये है और वे इस उद्योग से सालाना 18 से 20 लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्त कर रहे हैं। वे बैंक से प्राप्त ऋण को नियमित रूप से अदा भी कर रहे। साथ ही स्थानीय 7 से 8 महिलाओं में अपने लहसुन प्रसंस्करण उद्योग में रोजगार भी दे रहे हैं। अपने उद्योग के लिए उन्हें नीमच कृषि उपज मण्डी से किसानों के माध्यम से लहसुन आसानी से उपलब्ध हो रही है, वे लहसुन की कली निकालकर अपने उद्योग में प्रोसिसिंग कर तैयार, लहसुन कली की ग्रेडिंग व आकर्षक पैकिंग कर अच्छे भाव में अहमदाबाद विक्रय कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से मिली मदद से पूरबसिह सफल उद्यमी बन गये हैं।

उल्लैखनीय है, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के तहत अब तक कुल 205 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 120 हितग्राहियों को लाभांवित कर, नवीन उद्योग इकाईयां स्थापित करवाई गई है। इस योजना के क्रियान्वयन में नीमच जिला प्रदेश एवं संभाग के अग्रणी जिलो में शामिल है।